**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2492**
**(03 दिसंबर, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

# तमिलनाडु में गरीब परिवार

**2492. श्री एस. रामलिंगमः**

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तमिलनाडु में सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना के अनुसार पाए गए वंचित और गरीब परिवारों की संख्या का ब्यौरा क्या है;
(ख) प्रधान मंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के अंतर्गत गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान तमिलनाडु में आवंटित किए गए घरों की संख्या का ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या तमिलनाडु में एईसीसी आकड़ों में छोड़ दिए गए अर्ह लाभार्थियों के मामले सरकार के ज्ञान में आए हैं;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी जिले-वार ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और
(ङ) ये लाभार्थी इस योजना के अंतर्गत कब तक कवर किए जाएंगे?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास मंत्री**
**(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)**

(क): सामाजिक-आर्थिक और जातिगत जनगणना-2011 (एसईसीसी 2011) के अनुसार, तमिलनाडु में 38,549 परिवारों को स्वत: शामिल श्रेणी और 47,04,939 परिवारों को वंचित परिवार श्रेणी के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

(ख): प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के अंतर्गत लाभार्थियों का चयन 13 प्वांइट बर्हिवेशन मानदंडों के अध्यधीन एसईसीसी, 2011 के आवास वंचन पैरामीटरों के आधार पर किया जाता है और उसके बाद ग्राम सभा द्वारा सत्यापन किया जाता है। प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के अंतर्गत पक्का मकान बनाने के लिए वित्तीय सहायता उन परिवारों को दी जाती है जो बेघर या आवासविहीन हैं, एक या दो कमरे के कच्चे मकान (कच्ची दीवार और कच्ची छत वाले) में रहते हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के अंतर्गत पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान तमिलनाडु राज्य को कुल 5,27,552 मकान आवंटित किए गए हैं। इन मकानों का जिला-वार ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ग) से (ङ): जी हां, पीएमएवाई-जी की स्थायी प्रतीक्षा सूची (पीडब्ल्यूएल) में शामिल न किए जा सके पात्र परिवारों को शामिल करने के उद्देश्य से ग्रामीण विकास मंत्रालय ने राज्यों के लिए आवास+ ऐप तैयार किया है, ताकि वे इसमें निर्धारित किए गए ऐसे परिवारों का ब्यौरा अपलोड कर सकें। राज्य द्वारा गाजा चक्रवात से प्रभावित परिवारों की अलग सूची भी आवास+ पर अपलोड की गई है क्योंकि इन परिवारों का उल्लेख पीडब्ल्यूएल या आवास+ में पहले नहीं किया गया था। तमिलनाडु द्वारा अपलोड किए गए आंकड़ों का जिला-वार ब्यौरा **अनुबंध-II** में दिया गया है। राज्यों द्वारा आवास+ में अपलोड किए गए आंकड़ों का विश्लेषण ग्रामीण विकास मंत्रालय में गठित एक विशेषज्ञ समिति कर रही है।

*****

**अनुबंध-I**

**लोक सभा में तमिलनाडु में गरीब परिवार विषय पर दिनांक 03.12.2019 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 2492 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**पीएमएवाई-जी के अंतर्गत तमिलनाडु में आवंटित मकान (जिला-वार)**

| क्र.सं. | जिले का नाम | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 |
|---|---|---|---|---|---|
| | **कुल** | **176338** | **130214** | **21000** | **200000** |
| 1 | अरियालुर | 5320 | 3473 | 479 | 8679 |
| 2 | कोयंबटूर | 1124 | 450 | 14 | 3289 |
| 3 | कुड्डालोर | 6421 | 10400 | 912 | 16709 |
| 4 | धर्मपुरी | 4275 | 3875 | 614 | 4662 |
| 5 | डिंडीगुल | 1886 | 769 | 114 | 2749 |
| 6 | इरोड | 2998 | 1362 | 69 | 1055 |
| 7 | कांचीपुरम | 11215 | 8927 | 913 | 11278 |
| 8 | कन्याकुमारी | 969 | 299 | 0 | 3430 |
| 9 | करूर | 1564 | 559 | 24 | 886 |
| 10 | कृष्णागिरी | 2340 | 2700 | 203 | 3201 |
| 11 | मदुरै | 2538 | 1637 | 204 | 3813 |
| 12 | नागपट्टिनम | 13146 | 14169 | 3562 | 16646 |
| 13 | नमक्कल | 2268 | 1269 | 135 | 3138 |
| 14 | पेरम्बलुर | 3385 | 1511 | 128 | 2865 |
| 15 | पुदुक्कोट्टई | 6125 | 4139 | 1449 | 5559 |
| 16 | रामनाथपुरम | 5665 | 2941 | 505 | 6458 |
| 17 | सलेम | 6229 | 5039 | 564 | 8610 |
| 18 | शिवगंगई | 2746 | 1727 | 303 | 3366 |
| 19 | तंजावुर | 10034 | 7610 | 2621 | 10902 |
| 20 | नीलगिरी | 109 | 208 | 139 | 1671 |
| 21 | तेनी | 538 | 292 | 0 | 971 |
| 22 | तूतुक्कुडी | 2540 | 1168 | 125 | 4143 |
| 23 | तिरुचिरापल्ली | 5048 | 4222 | 700 | 7575 |
| 24 | तिरुनेलवेली | 4596 | 2535 | 431 | 5613 |
| 25 | तिरुपूर | 2029 | 513 | 94 | 1050 |
| 26 | तिरुवल्लुर | 6578 | 4019 | 775 | 8217 |
| 27 | तिरुवन्नामलाई | 8358 | 7308 | 1265 | 7792 |
| 28 | तिरुवरुर | 11983 | 8510 | 2498 | 14594 |
| 29 | वेल्लोर | 10310 | 6774 | 757 | 10210 |
| 30 | विल्लुपुरम | 32526 | 20588 | 1021 | 18000 |
| 31 | विरुधुनगर | 1475 | 1221 | 382 | 2869 |
| | **कुल** | **176338** | **130214** | **21000** | **200000** |

(स्रोत: आवाससॉफ्ट की बी1 रिपोर्ट)

अनुबंध-।।

**लोक सभा में तमिलनाडु में गरीब परिवार विषय पर दिनांक 03.12.2019 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 2492 के भाग (ग) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**तमिलनाडु में एसईसीसी के आंकड़ों में छूट गए संभावित लाभार्थियों की जिला-वार संख्या**

| क्र.सं. | जिले का नाम | परिवारों की संख्या | गाजा चक्रवात से प्रभावित परिवारों की संख्या |
|---|---|---|---|
| | कुल | 855465 | 92347 |
| 1 | अरियालुर | 13738 | 0 |
| 2 | कोयंबटूर | 4292 | 0 |
| 3 | कुड्डालोर | 53789 | 5794 |
| 4 | धर्मपुरी | 28843 | 0 |
| 5 | डिंडीगुल | 16315 | 585 |
| 6 | इरोड | 12675 | 0 |
| 7 | कांचीपुरम | 60220 | 0 |
| 8 | कन्याकुमारी | 5723 | 0 |
| 9 | करूर | 10671 | 374 |
| 10 | कृष्णागिरी | 48675 | 0 |
| 11 | मदुरै | 8903 | 463 |
| 12 | नागपट्टिनम | 43561 | 10192 |
| 13 | नमक्कल | 16864 | 0 |
| 14 | पेरम्बलुर | 16150 | 0 |
| 15 | पुदुक्कोट्टई | 40848 | 11159 |
| 16 | रामनाथपुरम | 12470 | 2064 |
| 17 | सलेम | 22454 | 0 |
| 18 | शिवगंगई | 19434 | 2600 |
| 19 | तंजावुर | 19368 | 13651 |
| 20 | नीलगिरी | 6418 | 0 |
| 21 | तेनी | 5010 | 523 |
| 22 | तूतुक्कुडी | 5805 | 0 |
| 23 | तिरुचिरापल्ली | 26408 | 783 |
| 24 | तिरुनेलवेली | 38096 | 0 |
| 25 | तिरुपूर | 3855 | 0 |
| 26 | तिरुवल्लुर | 25432 | 0 |
| 27 | तिरुवन्नामलाई | 67843 | 0 |
| 28 | तिरुवरुर | 19373 | 44159 |
| 29 | वेल्लोर | 63729 | 0 |
| 30 | विल्लुपुरम | 113703 | 0 |
| 31 | विरुधुनगर | 24800 | 0 |
| | **कुल** | **855465** | **92347** |

(स्रोत: एनआईसी टीम, ग्रामीण विकास मंत्रालय से प्राप्त आवास+ आंकड़े)